

हरबंश कपूर को श्रद्धांजलि अर्पित करते विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल।

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सोमवार को रहा मौसम खराब, सुबह से छाए बादल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के अधिकतर इलाकों में आज सोमवार को सुबह से ही मौसम खराब बना रहा। राजधानी देहरादून सहित अधिकतर मैदानी और पहाड़ी इलाकों में बादल छाए रहे। मसूरी में सुबह की शुरुआत कोहरे के साथ हुई। वहीं मौसम में आए इस बदलाव से ठंड बढ़ गई है। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में अगले पाले से ठंड़क में इजाफा होगा। मौसम केंद्र ने अपने बुलेटिन में बताया कि लगभग सभी पहाड़ी क्षेत्रों में इन दिनों पाला गिर रहा है, जो अगले कुछ दिन में बढ़ जाएगा। इससे लोगों को रात और शाम से सुबह तक तेज ठंड का सामना करना पड़ेगा।

### उत्तराखंड में गंगा स्वच्छता अभियान से जुड़ेंगे डिग्री कालेज के युवा

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में गंगा स्वच्छता की मुहिम नमामि गंगे से अब डिग्री कालेजों के छात्र–छात्राएं भी जुड़ेंगे। गंगा व सहायक नदियों के किनारे के डिग्री कालेजों के छात्र–छात्राओं की टीम गठित कर नमामि गंगे के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने बताया कि छात्र–छात्राओं के जागरूक होने से गंगा स्वच्छता मिशन में तेजी लाई जा सकेगी।

उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने बताया कि नमामि गंगे के तहत राज्य के 33 सरकारी डिग्री कालेजों और दो विश्वविद्यालयों का चयन किया गया है।

### विधायक हरबंस कपूर का निधन एक युग का अंत: स्पीकर प्रेमचंद अग्रवाल

**संवाददाता** देहरादून। बीजेपी के वरिष्ठ नेता, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व मौजूदा विधायक हरबंस कपूर के निधन पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। अग्रवाल ने कहा कि सभी के मार्गदर्शक रहे हरबंस कपूर का निधन एक युग का अंत है इस अपूरणीय क्षति को भर पाना मुमकिन नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि आज हमने राजनीति एवं समाज की सेवा में अग्रणी रहने वाले एक धरोहर को खो दिया है।

### विधायक हरबंस कपूर को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलन से जुड़े शीर्ष नेता व उपाध्यक्ष उत्तराखंड कांग्रेस धीरेंद्र प्रताप, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, पूर्व राज्यमंत्री मनीष कुमार नागपाल, नरेंद्र सेठिया सचिव चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति शुभम जोशी ने दिवंगत भाजपा विधायक हरबंस कपूर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी और पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# लगातार आठ बार विधायक बनने का रिकार्ड है नाम

**अपूरणीय क्षति**

■ एक कुशल राजनीतिज्ञ रहे हैं हरबंस कपूर

**संवाददाता**

देहरादून। कैंट देहरादून के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरबंस कपूर का निधन हो गया है। सात जनवरी 1946 को जन्मे हरबंस कपूर एक कुशल राजनीतिज्ञ रहे हैं। वे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कैंट विधानसभा सीट से विधायक थे। कैंट क्षेत्र में उनका ही दबदबा रहा है। उन्होंने लगातार आठ बार इस सीट पर काबिज हुए। इससे जनता के बीच उनकी पकड़ का भी अंदाजा लगाया जा सकता है। हरबंस कपूर 2007 से 2012 तक उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष भी रह चुके हैं। 1985 में उन्हें पहली हार मिली थी, लेकिन इसके बाद से वे कभी विधानसभा चुनाव नहीं हारे और लगातार आठ बार विधायक बने।



**डा. निशंक ने जताया शोक, बताया अपूरणीय क्षति:** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद हरिद्वार डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने कैंट देहरादून के वरिष्ठ विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरबंस कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ निशंक ने कहा कि स्व. कपूर मृदुभाषी, जमीनी नेता और सादगी के प्रतीक थे। उनका निधन भाजपा समेत पूरे प्रदेश की क्षति है जिसे पूरा किया जाना संभव नहीं है। निशंक ने कहा कि वह सदैव आम लोगो की समस्याओं के समाधान के लिए जूझते रहे और इस दौरान उन्होंने बड़ी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी किया। निशंक ने बताया कि उत्तरप्रदेश विधान सभा से लेकर उत्तराखंड में भी उन्हें उनका सदैव स्नेह और सानिध्य मिला। वे एक समर्पित जन नेता के तौर पर सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने उनके परिजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की है। वहीं, पिथौरागढ़ से विधायक चंद्रा पंत ने ट्वीट किया, हमारे सुख–दुख के साथी, जिनका आशीर्वाद, मार्गदर्शन सदैव मिलता रहा वरिष्ठतम नेता हरबंस कपूर के निधन से मन बहुत दुखी है। ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और साथ ही उनके परिवारीजनों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**पार्टी को खड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान:** पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने हरबंस कपूर के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड भाजपा के वरिष्ठतम विधायकों में से एक हरबंस कपूर ने अनेक संघर्षों से पार्टी संगठन को खड़ा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उत्तराखंड बनने के बाद विधानसभा के अध्यक्ष के रूप आपने अपनी अमिट छाप छोड़ी।

**गणेश जोशी बोले, आज जो हूं उन्हीं की वजह से हूं:** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हरबंस कपूर के आकस्मिक निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि मैं आज जो भी हूं, सब उनका आशीर्वाद है। उनका निधन भाजपा के साथ ही मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने प्रार्थना की कि पुण्यआत्मा को अपने चरणों में स्थान दे शोकाकुल परिवारजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**भाजपा ने स्थगित किए सभी कार्यक्रम:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके निधन को पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति बताया। पार्टी के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक के निर्देश पर प्रदेश भर में आज आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए हैं। सभी जिलाध्यक्षों को इस बारे में अवगत करा दिया गया है।

### कांग्रेस ने भी रैली की स्थगित

देहरादून दिलाराम चौक के समीप कांग्रेस की होने वाली रैली को स्थगित किया गया। इस दौरान विधायक स्वर्गीय हरबंस कपूर के निधन पर दिलाराम चौक पर श्रंद्धाजलि कर दो मिनट मौन रखा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल समेत कांग्रेसी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# कुमाऊं के बाद आज गढ़वाल में रवाना होंगे भाजपा के रथ

**सुझाव रथ**

■ पार्टी के दृष्टि पत्र के लिए आमजन से सुझाव लिए जाएंगे

■ केंद्र और राज्य सरकारों की उपलब्धियों की जानकारी भी जनता को दी जाएगी

**नड्डा 18 को हरिद्वार में**

आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भाजपा के केंद्रीय नेताओं और मंत्रियों के कार्यक्रम निर्धारित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 18 दिसंबर को हरिद्वार आ रहे हैं, जबकि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 19 दिसंबर को बागेश्वर का दौरा करेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार ने यह जानकारी दी।

**संवाददाता**

देहरादून। कुमाऊं मंडल के बाद अब प्रदेश भाजपा आज गढ़वाल मंडल के सभी 41 विधानसभा क्षेत्रों में सुझाव रथ रवाना करेगी। इनके माध्यम से पार्टी के दृष्टि पत्र के लिए आमजन से सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही रथों पर लगी एलईडी स्क्रीन पर केंद्र और राज्य सरकारों की उपलब्धियों की जानकारी भी जनता को दी जाएगी।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार ने बताया कि सुझाव रथ तैयार हो गए हैं। गढ़वाल मंडल के लिए इन रथों को प्रदेश भाजपा कार्यालय से रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक रथ में एक सुझाव पेटिका भी होगी, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से क्षेत्र और राज्य की बेहतरी से संबंधित सुझाव लिए जाएंगे। फिर इन सुझावों को पार्टी की दृष्टि पत्र समिति को सौंपा जाएगा, ताकि इन्हें दृष्टि पत्र में शामिल किया जा सके।

**आज काशीपुर आएंगे अरविंद केजरीवाल:** आम आदमी पार्टी (आप) की प्रदेश सह मीडिया प्रभारी उमा सिसोदिया ने बताया कि 14 दिसंबर (मंगलवार) को आप के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उत्तराखंड के काशीपुर आएंगे।



केजरीवाल यहां जनसभा को संबोधित कर प्रदेश हित में एक बड़ी घोषणा कर सकते हैं। उमा सिसोदिया ने बताया कि आप कार्यकर्त्ताओं ने केजरीवाल के दौरे को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। केजरीवाल का उत्तराखंड का यह पांचवां दौरा है। बताया कि इस दौरे के दौरान केजरीवाल चौथी बड़ी घोषणा कर सकते हैं।

### औली विंटर गेम्स की तिथि हुई घोषित

**संवाददाता** देहरादून। औली में फरवरी माह में आयोजित होने वाले विंटर गेम्स की तिथियां घोषित हो गई हैं। गेम्स सात से नौ फरवरी तक चमोली जिले के औली में आयोजित होंगे। स्की एवं स्नो बोर्ड के चमोली जिला सचिव संतोष कुंवर ने बताया कि गेम्स को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गेम्स में प्रतिभाग करने वाले राज्यों के पदाधिकारियों को भी इसकी सूचना दे दी गई है। विंटर गेम्स में जूनियर और सीनियर एल्पाइन प्रतियोगिता आयोजित होगी। वर्तमान में औली में कुछ जगहों पर ही बर्फ जमी हुई है। जबकि औली स्लोप में भी बर्फ कम मात्रा में है। आयोजकों को जनवरी माह में अच्छी बर्फबारी होने की उम्मीद है। औली स्लोप में मशीनों से कृत्रिम बर्फ बनाने का काम शुरू हो गया है। स्की लिफ्ट की मरम्मत का कार्य भी शुरू हो गया है। औली में राष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता का आयोजन बर्फबारी पर टिका रहेगा।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।